## एक नजर में

### हजारों पंचक्रोशी यात्री आए कसरावद, मां नर्मदा की यात्रा पर निकले हजारों आस्थावान

**कसरावद, निप्र।** नर्मदे हर से गूंजा नगर, हजारों पंचकोसी यात्री आए कसरावद मां नर्मदा की पंचकोसी यात्रा पर निकले हजारों पंचकोसी यात्री मंगलवार को नगर में पहुंचे।पूरे नगर में पलक पांवड़े बिछाकर यात्रियों का स्वागत किया।शनिवार को महेश्वर से प्रारम्भ हुई मां नर्मदा महिष्मति पंचकोसी यात्रा ने मंगलवार को अल सुबह नगर में प्रवेश किया।नगर में प्रवेश के साथ ही जगह जगह नगरवासियों द्वारा अल्पाहार, चाय एवं शीतल पेय के स्टॉल लगाकर यात्रियों का स्वागत सत्कार किया।नगर के मण्डी प्रांगण में यात्रियों के रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी।शाम को भोजन के पहले यात्रा का भगवा ध्वज लेकर पंचकोसी यात्री नर्मदे हर के जयघोष के साथ नगर में भ्रमण के लिए निकले।ढोल मृदंग के साथ नाचते गाते नगर के मंदिरों के दर्शन करते हुए पुन: मण्डी प्रांगण पहुंचे।वहा पर भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण की।पूरे नगरवासी यात्रा आगमन से लेकर यात्रियों के प्रस्थान तक सेवा में लगे रहते हैं।मां नर्मदा पंचकोसी स्वागत समिति के अध्यक्ष अजय मंडलोई ने बताया कि महिष्मति पंचकोसी यात्रा सन 1985 से प्रारंभ हुई जो लगातार चल रही है।यात्रा महेश्वर से प्रारम्भ होकर तीसरे दिन कसरावद नगर में पहुंचती है।नगर में यात्रियों के रात्रि विश्राम एवं भोजन भंडारे की व्यवस्था समिति द्वारा नगरवासियों के सहयोग से की जाती हैं। कृषि उपज मंडी प्रांगण में रात्रि विश्राम एवं भोजन कराया जाता है।इस वर्ष स्वागत समिति द्वारा जन सहयोग नहीं लिया गया, पूर्व की बचत राशि से व्यवस्था की गई।

### आपदा प्रतिरक्षण कार्यक्रम

**बड़वाह, निप्र।** मप्र जन अभियान परिषद के तहत नगर व ग्राम विकास प्रसफुटन समिति के द्वारा (प्रसफुटन शक्ति संचय अभियान) आपदा प्रतिरक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत सभागृह मे प्रात : 10 बजे से संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला महामंत्री व नव नियुक्ति एल्डरमेन महिम ठाकुर,विशेष अतिथि पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पंड्या,एल्डरमैन संजय जैन, डॉ. एन.एस.सोलंकी, बीआर सांवले मंचाशीन थे। सभी का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे अतिथियों ने भगवान श्रीराम व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया।समिति की मेटर संगीता पाटीदार ने आपदा प्रतिरक्षण मे भूकंप एवं हार्ड अटेक व आग लगने जैसे आपदाओ से बचने के लिए किस प्रकार की सावधानी रखकर बचाव किया जा सकता है। उसको डेमो के माध्यम से विस्तार से समझाया। मुख्य अतिथि महिम ठाकुर ने मप्र जन अभियान परिषद के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आपदा प्रतिरक्षण मे बचाव हेतु सावधानियों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम मे नगर व ग्राम समितियो के अध्यक्ष व कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।अतिथियों ने समिति अध्यक्षों,सचियो को प्रशस्ति पत्र भेट किये।इस अवसर पर रितेश दूबे,विजय वर्मा,शंकर सांवले,विजय चौहान,सूरज गौड़,संतोष मक्कड़,स्टूडेंट उदय बोराशि स्वाति बड़ोले राशि हिमांशु सोलंकी,व अलोक नागर कृष्णा सिसोदिया,राजा सोलंकी सहित समिति सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष महिपाल सिंह मेवाड़े ने किया व आभार देशा मेराणा ने माना।

### टीईटी के विरोध में संयुक्त मोर्चा की जिला स्तरीय महारैली 8 अप्रैल को

**बिस्टान, निप्र।** प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध एवं नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता की मांग को लेकर अध्यापक, शिक्षक संयुक्त मोर्चा की जिला स्तरीय महारैली 8 अप्रैल को निकाली जाएगी पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा । स्थानीय सब्जी मंडी पार्क में आयोजित बैठक में राज्य शिक्षक संघ, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, शासकीय शिक्षक संघ, ट्राईबल वेलफेयर संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, एनएमओपीएस संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, पीएमयूएम संघ के पदाधिकारियो में संयुक्त रूप से बैठक आयोजित कर 8 अप्रैल को जिला स्तरीय रैली निकालने का निर्णय लिया।8 अप्रैल की महारैली में जिले भर के शिक्षक सब्जी मंडी पार्क में एकत्रित होंगे यहां से शहर के प्रमुख मार्गो रैली निकाल कर अनुविभागीय कार्यालय पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर प्रभुराम मालवीया,दिनेश पटेल, ग्यारसीलाल पटेल, अतीक खान, जगदीश चौधरी,विष्णु ठाकुर, विनोद पंडित,गोपीचंद सहिते,भारत डावर,रामलाल पंचोले,शांतिलाल यादव, कृष्णराज राठौर, संतोष व्यास,महेंद्र पाटीदार,काशीराम पटेल,मनीष डोंगरे, धर्मेंद्र कुशवाह प्रमुख रूप से उपस्थित थे। गत दिनों अध्यापक शिक्षक संवर्ग के 14 संगठनों ने भोपाल में संयुक्त मोर्चा के नाम से मोर्चा गठित किया। जिसमें निर्णय लिया गया कि मोर्चा 8 अप्रैल को जिला मुख्यालयो एवं 11 अप्रैल को ब्लॉक मुख्यालयो में प्रदर्शन करने के बाद 18 अप्रैल को राजधानी में प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से टीईटी परीक्षा को निरस्त कराने एवं सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने के मुद्दों को लेकर सड़क और न्यायालय पर संघर्ष की रणनीति बनाई गई।

### दिगंबर जैन समाज ने जयंती पर शोभायात्रा निकाली, बालक वर्धमान को पालना झुलाया

**बड़वाह, निप्र।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव दिगंबर जैन समाज की ओर से मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर और श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए, जिनमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।प्रचार मंत्री मनीष जैन ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ प्रात : काल भगवान के अभिषेक और विश्व शांति की कामना के साथ 'शांतिधारा' से हुआ। इसके बाद भगवान महावीर स्वामी की विशेष संगीतमय पूजन-अर्चन की गई। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से अष्टद्रव्य समर्पित कर प्रभु की आराधना की।पूजन के बाद श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-धमाकों और धर्म ध्वजाओं के साथ यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी।जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुष्प वर्षा की।शोभायात्रा दिगंबर जैन धर्मशाला पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुई। यहां पुन : श्रीजी का अभिषेक और पूजन संपन्न किया गया।परिवारों ने अभिषेक और रथ यात्रा में भाग लिया --धार्मिक क्रियाओं और शोभायात्रा के दौरान समाज के कई परिवारों को विशेष पुण्य लाभ प्राप्त हुआ। श्रीजी का अभिषेक नितिन राजेंद्र जैन, संजय जैन कावड़िया और संजय संदीप जैन परिवार ने किया।भगवान को रथ पर विराजमान करने का सौभाग्य आनंद बसंत जैन को मिला, जबकि रथ के सारथी अनुदीप संदीप जैन बने। भगवान की विशेष माला का सौभाग्य अतीक अमन अंतिम जैन परिवार को प्राप्त हुआ। बालक वर्धमान को पालना भी झुलाया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान को मिला जनसमर्थन

## शैक्षणिक संस्थानों से लेकर ग्राम पंचायतों तक हो रहे कार्य

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत एक ओर जहाँ शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण से जुड़े संरचनात्मक कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जा रहा है।

इसी क्रम में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान के मार्गदर्शन में 'जल गंगा संवर्धन अभियान-2026' के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में जल संरक्षण संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी बीईओ, बीआरसी, संस्था संचालक, प्राचार्य, प्रधानाध्यापक एवं सीएसी को अपने-अपने विद्यालय परिसरों में 4म4 फीट आकार के सोख्ता पिट का तत्काल निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस पहल का उद्देश्य वर्षा जल का समुचित प्रबंधन कर विद्यालय स्तर पर जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भी सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है। बामनदा ग्राम पंचायत में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, वहीं जनपद पंचायत कसरावद में भी अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम भगवानपुरा स्थित गणगौर घाट पर गोमुख नदी की साफ-सफाई का कार्य किया गया। अभियान के दौरान नदी तट की व्यापक सफाई कर जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया।

वही जल संसाधन विभाग द्वारा जिले में जल संरक्षण को लेकर व्यापक कार्य किए जा रहे हैं।जल संसाधन उपसंभाग भीकनगांव द्वारा सुल्तानपुरा तालाब के स्लूस गेट का सफाई कार्य किया गया है। वही जल संसाधन उपसंभाग मण्डलेश्वर द्वारा गगन तालाब का झाड़ी सफाई का कार्य किया गया।अभियान के तहत तालाबों, जलाशयों एवं नहरों की सफाई, गाद निकासी, स्लूस गेट व नहरों की मरम्मत तथा पक्कीकरण के कार्य पूर्ण किए गए हैं, जबकि कई कार्य प्रस्तावित हैं। इन प्रयासों से जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई व्यवस्था में सुधार, भू-जल स्तर के संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी। विभाग द्वारा सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में प्रारंभ हो चुका है, जिसके अंतर्गत वृहद स्तर पर जल संरक्षण से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं तथा समाज के हर वर्ग में जल बचाने को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है। जिला प्रशासन का यह प्रयास भविष्य में जल संकट से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## जन्म कल्याणक हर्षोल्लास से मनाया

**कसरावद, निप्र।** जैन श्वेतांबर समाज कसरावद ने मंगलवार को 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2652 वा जन्म कल्याणक हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया माता त्रिशला देवी द्वारा जन्म के समय देखे गए 14 सपनो की बोली मे समाज ने बढ़ चढ़ कर अपने लक्ष्मी का सदुपयोग किया नगर के दोनों मंदिरो की आरती की बोलिया लगाकर संघ के सानिध्य मे भव्य आरती की गयी शांति महिला मंडल, बहु मंडल एवं भक्त मंडल द्वारा धार्मिक प्रस्तुतीया दी गयी श्री संघ द्वारा दर्शन यात्रा मे सहयोग प्रदान करने के लिए महिला मंडल अध्यक्ष हेमलता संजय रायलीमंडल के सदस्य गण, तिलोक चंद कवाड़, प्रकाश रायली एवं प्रेमराज परिवारो का माला से बहुमान किया गया आरती के बाद दादावाड़ी मे संघ के सहभौज का आयोजन रखा गया सभी ने एक दूसरे को महावीर जन्म कल्याणक की शुभकामनायें दी संघ द्वारा प्रसादी वितरण कर शुभकामनायें दी।

## सनावद में हनुमान जन्मोत्सव पर बहेगी भक्ति की गंगा

**सनावद, निप्र।** श्री सिद्धेश्वर मानस मंडल, सनावद के तत्वावधान में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर दो दिवसीय विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। मंडल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार रहेगी।

**अखंड हनुमान चालीसा पाठ:-** कार्यक्रम की शुरुआत 01 अप्रैल 2026 (बुधवार) को शाम 6:00 बजे से होगी, जो अगले दिन सुबह 5:00 बजे तक अनवरत चलेगी। श्रृंगार एवं चोला: 02 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को अलसुबह 5:00 से 6:00 बजे तक पवनपुत्र हनुमान जी का विशेष श्रृंगार कर चोला चढ़ाया जाएगा। भव्य प्रभात फेरी: मुख्य आकर्षण भव्य प्रभात फेरी गुरुवार सुबह 6:00 बजे से प्रारंभ होगी। यह प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भक्तिमय माहौल निर्मित करेगी। महाआरती एवं प्रसादी: प्रभात फेरी के समापन के पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसके बाद सभी भक्तों को प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन स्थल: वैष्णव पंचायती श्री राम मंदिर, सनावद। श्री सिद्धेश्वर मानस मंडल ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर धर्म लाभ लें और बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## श्री रेणुका माता का भव्य मेला आज

**खरगोन, निप्र।** खरगोन जिले के समीप राजपुरा-खेड़ा क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध श्री रेणुका माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। एक दिवसीय यह मेला आज बुधवार को आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुचेंगे।

माता रेणुका का यह प्राचीन मंदिर राजपुरा एवं खेड़ा के मध्य एक पहाड़ी पर स्थित है। मान्यता है कि मंदिर का निर्माण लगभग 14वीं शताब्दी में हुआ था। यहां माता के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है।स्थानीय मान्यताओं के अनुसार माता के दरबार में अनेक प्रकार के कष्टों एवं रोगों से मुक्ति मिलती है। विशेष रूप से त्वचा संबंधी रोगों के निवारण के लिए श्रद्धालु यहां मिट्टी के बने नंदी का चढ़ावा चढ़ाते हैं। साथ ही, महर्षि जमदग्नि की तपोस्थली होने के कारण धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है।

## मालवी गारी भारूड़ समाज का सम्मेलन माता अहिल्या की 300वीं जयंती को होगा समर्पित

**महेश्वर, निप्र।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती के अवसर पर मालवी गारी भारूड समाज निशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन अक्षय तृतीया 20 अप्रैल को महेश्वर करने की तैयारियां कर रहा हैं जिस संबंध में रविवार रात को समाजजनों की बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के साथ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी प्रदान की गई ।

इस अवसर पर मालवी गारी भारूड़ समाज ओंकारेश्वर धर्मशाला समिति अध्यक्ष अध्यक्ष रोहित पटेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नि:शुल्क विवाह सम्मलेन की सफलता संपूर्ण समाज की जिम्मेदारी है । विवाह आयोजन को समाज उत्साह के साथ उत्सव के रूप में तीन दिवस तक मनाए ।यह विवाह उत्सव 18 अप्रैल से शुरू होगा 20 अप्रैल तक चलेगा।18 अप्रैल गणेश पूजन किया जाएगा जिसके बाद इसी दिन संगीतमय सुंदर कांड का आयोजन होगा । 19 अप्रैल को मातृशक्तियों द्वारा शीतला माता पूजन तथा 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मलेन के के दौरान सामाजिक रस्म रिवाज के बाद वर- वधु परिणय सूत्र में बधेंगें।रोहित पटेल ने जानकारी देते हैं बताया कि विवाह सम्मेलन में अभी तक 42 वर- वधुओ के पंजीयन हो चुके हैं । विवाह के लिए पंजीयन की अंतिम तारीख 5 अप्रैल 2026 तय की गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कमल यादव , कन्हैयालाल मुकाती , माखन यादव , उपाध्यक्ष दशरथ यादव सचिव भवानीराम पटेल सह सचिव अमरसिंह पटेल पूर्व कोषाध्यक्ष रामचंद्र गुजर , पूर्व कोषाध्यक्ष संजय यादव छज्जूलाल मोरी राकेश यादव भारत मुकाती आदि मौजूद रहे। नगर अध्यक्ष विक्रम पटेल ने किया संबोधित नगर भारूड़ समाज अध्यक्ष विक्रम पटेल ने संबोधित करते हुए कहा की लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर होने जा रहे नि:शुल्क विवाह सम्मलेन कार्यक्रम को सफल बनाना हमारी जिम्मेदारी और जवाबदारी भी है ।हम सब एक जुटता के साथ कार्य करके कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। इस अवसर पर विनोद यादव,विकास पटेल , संजय पवार , अधिवक्ता गोपाल पटेल , वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन पटेल, संजय यादव , भगत पटेल ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर समाज के कई युवा एवं वरिष्ठ जन्म उपस्थित थे। बैठक का आभार हरीश गुजर ने माना । बैठक के दौरान रुद्र कमल पटेल महेश्वर ने 11000 रुपए की सहयोग राशि दिए जाने की घोषणा की।इस दौरान अध्यक्ष पटेल द्वारा रुद्र कमल पटेल का सम्मान किया गया। वही रविवार को महेश्वर समाजजनों ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए लगभग 2 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की।

## बालक वर्धमान की निकली शोभायात्रा

**सनावद, निप्र।** भगवान महावीर स्वामी के 2625वे जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सोमवार रात को बालक वर्धमान की शोभायात्रा निकाली गईं। जहां एक और महावीर स्वामी के जन्म के अवसर पर त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की गगन भेदी नारे लगा रहे थे वहीं सभी समाजजन बालक वर्धमान के जन्म की खुशियां मना रहे थे। समाज प्रवक्ता सन्मति काका ने बताया की सोमवार रात्री आठ बजे जैन कॉलोनी स्थित विपिन ऊषा लाठियां परिवार के निवास यह शोभायात्रा निकली। जो नगर में मुख्य मार्गों से होती हुई नवीन श्री दिगंबर जैन परिसर पहुंची।

शोभा यात्रा के दौरान विद्युत लड़ियों से सजी बग्गी में विराजमान बालक वर्धमान अपने माता त्रिशला पिता सिद्धार्थ के साथ सभी के आकर्षण का केंद्र थे।बालक वर्धमान के पिता के रूप में विपिन लाठिया राजा सिद्धार्थ एवं श्रीमती उषा लाठिया माता त्रिशला के रूप में पूरे नगर का भ्रमण किया।नवीन जैन परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रजलंन से हुई दीप प्रज्वलन विनोद जैन बाग़ोद, मुनि सेवा समिति अध्यक्ष मुकेश जैन ,शानिल जैन, मुनि सेवा समिति उपाध्यक्ष मंजुला भूच, श्रीमती उषा लाठिया, नपा उपाध्याय नैना चौधरी,एवं समिति के संयोजको के द्वारा दीप प्रजलंन कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई ।अगली कड़ी में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम करने पर उन्हें पुरस्कार वितरित किए गए। बालक वर्धमान को प्रथम पालना झूलने का सौभाग्य संतोष कुमार शुभम बाकलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ।इस अवसर कमल जैन एंड पार्टी बड़वाह के द्वारा मंत्र मुक्त कर देने वाले भजनों की प्रस्तुति देकर सभी समाज जनों को भक्ति करने पर मजबूर कर दिया अंत में सभी समाजजनों ने बालक वर्धमान को पालना झुला कर अपना पुण्य संचय किया कार्यक्रम का संचालन प्रशांत चौधरी ने किया । भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति ने इस अवसर पर सभी समाजजनो का आभार प्रकट किया।

## एक नजर में

### करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग और तपस्या का प्रतीक है, स्थापना दिवस : जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे

# 6 अप्रैल को उत्सव में रुप में मनाएं पार्टी का स्थापना दिवस : प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस सहित आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला स्तरीय अपेक्षित पदाधिकारी- कार्यकर्ताओं की बैठक आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने की।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर मंचासीन रहे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल उत्साह के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी बूथों पर ध्वजारोहण करने, महापुरुषों को याद करने और सामाजिक कार्यों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के अपील की, ताकि उत्सव के रूप में मनाया जा सके।

**ध्वजारोहण में परिवारों करें आमंत्रित:-** जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग और तपस्या का प्रतीक है। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक मण्डल और बूथ पर ध्वजारोहण के साथ-साथ सेवा कार्यों का आयोजन किया जाए। सरकार की जनहितैषी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही इस दिवस का वास्तविक उद्देश्य है।

**पार्टी के कार्यक्रमों को उत्सव के रुप में मनाएं कार्यकर्ता:-** विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि भाजपा नीति, नियत और सकारात्मक सोच के साथ काम कर रही है।यही कारण है कि जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। आज हमारी सरकार 18 राज्यों में है। हमारी रीति-नियत और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से जिन राज्यों में भी सरकार बनी वहां लगातार जनता ने हर चुनाव में समर्थन किया। केंद्र में भी तीसरी बार सरकार चुनी गई। पार्टी के कार्यक्रमों और कार्यकर्ताओं के कारण जनता से पार्टी जुड़ी रहती है। आगामी कार्यक्रम में भी कार्यकर्ता उत्सव के रुप में कार्यक्रमों को मनाएं। बैठक को महेश्वर विधायक श्री मेव ने भी संबोधित किया। संचालन कार्यालय मंत्री विजय पटेल ने किया। आभार जिला उपाध्यक्ष प्रभात पंडित ने माना।

### मंडल अध्यक्षों का किया सम्मान

भाजपा मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान करीब 9 मंडलों में मन की बात कार्यक्रम में 100 प्रतिशत रिपोर्टिंग करने वाले मंडल अध्यक्षों का प्रदेश उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, विधायकों ने सम्मान कर प्रोत्साहित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि अन्य मंडल अध्यक्ष भी अपने-अपने मंडलों में पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रियता से जुटे रहे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शंभू सिंह मनहर, जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौर, जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, महामंत्री विवेक भटोरे, महामंत्री प्रकाश पाटीदार, महामंत्री हरेसिंह चावड़ा, कोषाध्यक्ष भीमसिंह ठाकुर सहित मंडल अध्यक्ष आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।